# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015

टेलीफोन नं. 0141–2706830, 2941098,ई–मेल–rajscoutguide@yahoo.com


क्रमांकः प. ( )रा.मु./2026–27/ 1122 दिनांकः 08/05/2026

सर्कल ऑर्गेनाइजर(स्काउट/गाइड)

जिला मुख्यालय, समस्त।

**विषय** :– राज्य स्तरीय प्रेसिडेन्ट स्काउट प्रमाण–पत्र प्रशिक्षण शिविर।

**प्रसंग** :– राज्य कार्यकारिणी सभा दिनांक 24 मार्च, 2026 के अनुसार।

सत्र 2026–27 के निर्धारित वार्षिक कार्यक्रमानुसार राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में प्रेसिडेन्ट स्काउट प्रमाण–पत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 01 से 05 जून, 2026 तक आबू पर्वत स्काउट/गाइड प्रशिक्षण केन्द्र नं. 1 पर किया जा रहा है। शिविर संबंधी आवश्यक सूचनाएं निम्न प्रकार है :

**शिविर का नाम** :– **प्रेसिडेन्ट स्काउट प्रमाण–पत्र प्रशिक्षण शिविर**

**तिथियॉ** :– 01 से 05 जून, 2026

**पहुँच** :– प्रथम दिवस प्रातः 10.00 बजे तक शिविर स्थल पर पहुँचना है। शिविरावधि में कोई अवकाश नहीं दिया जावेगा।
सम्पर्क – श्री जितेन्द्र भाटी, सी.ओ. आबूपर्वत **मो.नं. 8003097176**
श्री एल. आर. शर्मा, सी.ओ, रा.मु, जयपुर **मो. नं. 8003097155**

**स्थान** :– **स्काउट/गाइड प्रशिक्षण केन्द्र नं. 1, ओल्ड गोल्फ कोर्स, आबूपर्वत**

**योग्यता** :–
1. राज्य पुरस्कार उर्त्तीण स्काउट हो।( राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र की फोटो प्रति साथ लावें।)
2. पूर्ण स्वस्थ हो तथा किसी प्रकार के संक्रामक रोग से पीडित न हो।
3. OYMS में सक्रियता हो।
4. स्वयं का BSG UID No. साथ लावें।
5. विद्यालय ट्रुप की BSG UID हो।

**शुल्क** :–

| | **स्काउट** | **स्काउटर** |
|---|---|---|
| विकास शुल्क | 20.00 | 30.00 |
| पंजीकरण शुल्क | 10.00 | 20.00 |
| **योग** | 30.00 | 50.00 |

संभागियों के भोजन की व्यवस्था एसोसिएशन द्वारा की जावेगी।

**पंजीकरण** :– संलग्न आवेदन पत्र भरकर दिनांक 20.05.2026 तक मण्डल मुख्यालय को भेजकर पंजीकृत करवाना होगा। मण्डल मुख्यालय संपूर्ण पंजीकरण आवेदन राज्य मुख्यालय पर दिनांक 22.05.2026 तक अवश्य भिजवायें। **पंजीकरण व विकास शुल्क राशि शिविर में जमा करानी होगी। स्काउट का शुल्क संबंधित विद्यालय द्वारा देय होगा।**

**आवास व्यवस्था** :– आवास व्यवस्था ऐसोसिएशन द्वारा तम्बूओं/हट्स में की जावेगी। स्काउटर भी अपनी टोली के साथ तम्बू में ही रहेंगी।

**भोजन व्यवस्था** :–
(अ) **संभागीयों को चाय नाश्ता व भोजन केन्द्रीय मैस से बना बनाया उपलब्ध कराया जावेगा, जो अपनी–अपनी टोलियों में खाना होगा।**
(ब) **भोजन व चाय नाश्ता करने हेतु आवश्यक** बर्तन (प्लेट, कटोरी, चम्मच, गिलास) साथ लाने होगें।



Scanned with OKEN Scanner

**आवंटित संख्या** :– राज्य पुरस्कार स्काउट सत्र 2025–26 उपलब्धियों के अनुसार शिविर में सहभागिता हेतु संभागियों का जिलेवार आवंटन निम्नानुसार हैं।

**प्रेसिडेन्ट गाइड्स प्रमाण–पत्र प्रशिक्षण शिविर जिलेवार आवंटित संख्या**

| क्रस | जिला | आवंटित संख्या | क्रस | जिला | आवंटित संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर | 5 | 20 | भरतपुर | 4 |
| 2 | भीलवाडा | 6 | 21 | धौलपुर | 4 |
| 3 | नागौर | 6 | 22 | करौली | 6 |
| 4 | टोंक | 5 | 23 | सवाईमाधोपुर | 4 |
| | योग | **22** | | योग | **17** |
| | | | | | |
| 5 | बीकानेर | 5 | 24 | जयपुर | 12 |
| 6 | चूरू | 7 | 25 | अलवर | 7 |
| 7 | श्रीगंगाानगर | 4 | 26 | दौसा | 4 |
| 8 | हनुमानगढ़ | 4 | 27 | सीकर | 11 |
| 9 | झुंझुनू | 8 | | योग | **34** |
| | योग | **28** | | | |
| | | | | | |
| 10 | जोधपुर | 10 | 28 | उदयपुर | 4 |
| 11 | बाडमेर | 10 | 29 | बांसवाडा | 6 |
| 12 | जैसलमेर | 4 | 30 | डूंगरपुर | 5 |
| 13 | जालौर | 5 | 31 | चितौडगढ़ | 4 |
| 14 | पाली | 10 | **32** | प्रतापगढ़ | 4 |
| 15 | सिरोही | 5 | 33 | राजसमंद | 4 |
| | योग | **44** | | योग | **27** |
| | | | | | |
| 16 | कोटा | 8 | | | |
| 17 | बारां | 10 | | | |
| 18 | बूंदी | 5 | | | |
| 19 | झालावाड | 5 | | | |
| | योग | **28** | | **योग** | **200** |

**सामग्री** :– **प्रत्येक संभागी अपने साथ निम्नांकित सामग्री लावेगें** – ए.पी.आर. ओ. भाग–2 के अनुसार एक जोडी सही व पूर्ण स्काउट पोशाक (नेवी ब्ल्यू बेरट कैप, कै बैज, विश्व बंधुत्व बैज, शोल्डर बैज, दक्षता बैज, बैल्ट, काले जुराब, चमड़े लंसदार जूते), बदलने के कपड़े, मौसम के अनुसार बिस्तर, टूथ ब्रश, तेल, कां कंघा, सई–धागा, बटन, टार्च, पैन, पेंसिल, नोटबुक, पैमाना, रस्सी, कलर, ख के बर्तन आदि। इसके साथ दक्षता बैज प्रशिक्षण सामग्री, साहित्य, 100 पृष्ठ नोट बुक अपने साथ लावेगें अन्यथा नोटबुक कैम्प में स्वंय को खरीदनी होगी।

**यात्रा व्यय** :– संभागी स्काउट्स को यात्रा व्यय विद्यालय छात्र कोष से देय होगा। स्काउट्स साथ आने वाली स्काउटर्स को नियमानुसार यात्रा भत्ता राज्य सरकार आदेशानुसार शिक्षा विभाग से देय होगा। इसके लिए प्रस्थान करने से पूर्व स स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा। विद्यालय के स्काउटर्स को यात्रा राज्यादेश सं. एफ 8(12) शिक्षा ग्रुप– 4/76 दिनांक 26.11.76 के अनु राजकोष से देय होगा, इसके लिए नियमानुसार सक्षम अधिकारी से स्वीकृत कर शिविर में भाग लें।



Scanned with OKEN Scanner

आवश्यक निर्देश :– 1. स्काउट व स्काउटर का पंजीकरण स्काउट यूनिफॉर्म में होगा।
2. स्काउट की हेयर कटिंग छोटी हो। अन्यथा बाजार में जाकर कटिंग करवानी होगी।
3. यूनिफॉर्म में काले जूते चमड़े के लैसदार आवश्यक हैं। पंजीकरण के समय नहीं हैं तो बाजार से खरीदकर लाने होंगे।
4. स्काउट यूनिफॉर्म पर प्रवेश से लेकर राज्य पुरस्कार के समस्त बैज एवं दक्षता बैज यूनिफॉर्म पर होना आवश्यक हैं।

अतः यूनिफॉर्म को पूर्ण तैयार कर साथ लेकर जावें।

**आवश्यक दस्तावेज** :–
- राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र की फोटो प्रति।
- प्रवेश से लेकर राष्ट्रपति पांच से संबंधित लॉगबुक व दक्षता बैज के प्रमाण पत्र।
- आधार कार्ड की फोटो प्रति।
- जन्म तिथि प्रमाण पत्र (10वीं की अंकतालिका अथवा नगरपालिका/नगरनिगम द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
- स्काउट यूनिफार्म में पासपोर्ट साइज फोटो।
- स्काउटर के एडवांस कोर्स प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी।
- स्काउटर के वारंट की फोटो प्रति।

**राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड़**
**पंजीकरण प्रपत्र**

स्थानीय संघ ................................................................ जिला ........................................... मण्डल ....................................

| क्र.सं. | BSG UID NO. | नाम स्काउट | ट्रुप का नाम | जन्मतिथि | राज्य पुरस्कार तिथि | प्रमाण पत्र संख्या व तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

ह. सहा. राज्य संगठन आयुक्त ह. सी. ओ. (स्का./गा.) ह. संस्था प्रधान ह. स्काउटर

PCJain
(डॉ. पी. सी. जैन)
राज्य सचिव

क्रमांकः– प– ( )रा.मु./26–27/ 1123 – 1129 दिनांकः 08/05/2026

**प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।**

1. राज्य मुख्यालय के पदाधिकारीगण
2. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) समस्त को प्रेषित कर निवेदन है कि शिविर हेतु चयनित ग्रुपों की सूचना राज्य मुख्यालय को दिनांक 22 अप्रैल, 2026 तक अवश्य भिजवावें।
3. मण्डल मुख्यायुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मुख्यालय, समस्त।
4. सर्कल ऑर्गेनाइजर(स्काउट), आबूपर्वत को प्रेषित कर लेख है कि शिविर की व्यवस्थाएं करें एवं शिविर समाप्ति पर रिपोर्ट भिजवायें।
5. प्राचार्य/संस्था प्रधान ..........................................
6. सहायक प्रोग्रामर राज्य मुख्यालय को ई–मेल व वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. लेखाशाखा, राज्य मुख्यालय, जयपुर।

PCJain
राज्य सचिव



Scanned with OKEN Scanner